अमर उजाला

करेली में फिर पकड़ी गई नकली सीमेंट फैक्ट्री

इलाहाबाद ब्यूरो

Updated Thu, 28 Nov 2019 01:39 AM IST

करेली में महीने भर के भीतर दूसरी बार नकली व्हाइट सीमेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। मंगलवार रात करेंहदा स्थित एक मकान में दबिश देकर पुलिस ने भारी मात्रा में नकली व्हाइट सीमेंट बरामद की। साथ सैकड़ों खाली बोरियां व अन्य सामान बरामद किए। सूत्रों ने बताया कि मौके से करीब 80 बोरी नकली व्हाइट सीमेंट बरामद की गईं। इस दौरान अन्य लोग तो भाग निकले लेकिन एक व्यक्ति को पकड़ा गया। देर रात तक उससे करेली थाने में पूछताछ होती रही। बता दें कि दीपावली के आसपास बख्शीमोढ़ा में नकली व्हाइट सीमेंट फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/allahabad/fake-cement-factory-caught-again-in-kareli-allahabad-news-ald261377570